Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 14-12-2006

Participants : Jha Shri Raghunath

>

Title: Regarding alleged illegal construction and possession of co-operative lands by the rich people in Delhi.

श्री रघुनाथ झा (बेतिया) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं सदन के माध्यम से शहरी विकास मंत्री का ध्यान बड़े बड़े धनपतियों द्वारा अवैध निर्माण और सरकारी जमीन पर कब्जे की ओर आकृट कराना चाहता हूं। एन.एच-8 पर शिवमूर्ति के नजदीक वेस्टैंड एंड मोटल और अशोका कंट्री रिसोर्ट समालखा गांव के नज़दीक, पूरा का पूरा अवैध निर्माण किये हुये हैं. ये बड़े-बड़े धनपतियों द्वारा खड़े किये गये हैं, इसलिये इन्हें सरकारी अधिकारियों द्वारा संरक्षण प्रदान किया गया है लेकिन गरीब-गुरबे की झुग्गी-झोंपड़ी को तोड़ दिया जाता है क्योंकि वह सरकारी जमीन पर होता है।

18.44 hrs

(Shri Devendra Prasad Yadav *in the Chair*)

सरकारी अधिकारी द्वारा एम.सी.डी. के पब्लिक पार्क पर बने होटल वसंत कांटिनेंटल का स्वीमिंग पूल को तोड़ने की हिम्मत नहीं करते हैं क्योंकि वह किसी बड़े ग्रुप का है। छतरपुर में टिवोली गार्डन भी पूरा का पूरा अवैध निर्माण है। वसंत कुंज के होटल ग्रांड में बेसमेंट का अवैध रूप से दुरुपयोग हो रहा है। हयात इंटरनैशनल, बैलस्ट वैस्टर्न सूर्या भी इसी श्रेणी में आते हैं। क्या हमारी यू.पी.ए. की सरकार की नीति गरीब-गुरबे की झुग्गी-झोंपड़ी को हटाना एवं बड़े-बड़े घरानों व धनपतियों के अवैध निर्माण से बने होटल तथा सरकारी जमीन पर कब्जे को संरक्षण देना है? उपरोक्त उदाहरण इसका ज्वलंत प्रमाण है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से शहरी विकास मंत्री से मांग करता हूं कि इन सभी अवैध निर्माण तथा सरकारी जमीन पर कब्जे की तुरंत जांच करावें तथा यथाशीघ्र इस पर कार्यवाही करें.।